# विद्यालय के पास गंदगी का अंबार

## नाली का गंदा पानी खेल मैदान में भरने से बच्चों के स्वास्थ्य पर मंडराया खतरा

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ गाडरवारा।** करपगांव में स्वच्छता व्यवस्था पर उठे सवाल, सड़क किनारे कचरे के ढेर और जाम नालियों से ग्रामीण परेशान ग्राम पंचायत करपगांव में स्वच्छता व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। गांव की मुख्य सड़क से लेकर शासकीय माध्यमिक शाला के आसपास तक गंदगी का अंबार लगा हुआ है। विद्यालय की चारदीवारी के पास लंबे समय से कचरे के ढेर लगे होने के साथ ही जाम नालियों का गंदा पानी बच्चों के खेल मैदान में जमा हो रहा है। बरसात के मौसम में यह स्थिति विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के लिए



गंभीर खतरा बन गई है। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय के पास प्लास्टिक, पॉलीथिन, घरेलू कचरा और अन्य अपशिष्ट खुले में पड़े हुए हैं। नियमित सफाई नहीं होने के कारण कचरे के ढेर लगातार बढ़ते जा रहे हैं। दूसरी ओर नालियां कचरे से जाम होने के कारण गंदा पानी ओवरफ्लो होकर विद्यालय परिसर के समीप और खेल मैदान तक पहुंच रहा है। इससे मैदान दलदली होता जा रहा है और बच्चों को खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संक्रमण फैलने की आशंका बरसात के दौरान गंदा पानी जमा रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई नहीं कराई गई तो डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया सहित अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ सकता है। विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के साथ-साथ आसपास रहने वाले परिवार भी इस गंदगी से प्रभावित हो रहे हैं।

### ठोस कार्यवाही की मांग

इस संबंध में जब शासकीय माध्यमिक शाला करपगांव के प्रभारी प्रधान पाठक आशीष राजपूत से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि विद्यालय परिसर के पास फैली गंदगी और नालियों की समस्या को लेकर ग्राम पंचायत को लिखित आवेदन दिया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे समस्या लगातार बनी हुई है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में नाली का गंदा पानी विद्यालय के खेल मैदान तक पहुंच रहा है।

## मूंग उपार्जन में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

**नवभारत,नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा (टीएल) की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की विस्तार से समीक्षा कर अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मूंग उपार्जन, हितग्राही मूलक योजनाओं के शिविर, सीएम हेल्पलाइन, राजस्व प्रकरणों तथा विभिन्न आयोगों से प्राप्त मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश और विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख मौजूद थे। बैठक में मूंग उपार्जन की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 19 उपार्जन केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

# प्लॉट बिक गए, सुविधाएं कहां हैं?

**नवभारत,गोटेगांव।** नगर का विस्तार तेज है, बोर्ड-बैनर पर नई कॉलोनियों के नाम चमक रहे हैं। लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल अलग है।

गोटेगांव की दर्जनों कॉलोनियां आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही हैं। न बिजली, न पानी, न सड़क, न नाली और न ही पार्क। हजारों परिवार ऐसे इलाकों में रहने को मजबूर हैं जहां जीवन की बुनियादी जरूरतें भी पूरी नहीं हो पा रही हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कालोनाइजरों ने कॉलोनी काटकर भूखंड बेच दिए, लेकिन सुविधाएं देने की जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया। सड़क, कच्चे रास्ते बरसात में कीचड़ का दलदल बन जाते हैं। बीमार को अस्पताल ले जाना मुश्किल।



### नियमों की धज्जियां उड़ाकर कॉलोनियां काटने वालों पर कार्रवाई

पानी, नियमित पेयजल व्यवस्था नहीं। टैंकर और बोर के सहारे दिन कट रहा है। बिजली, लो-वोल्टेज और कटौती आम बात है। नाली, नालियां न होने से हर घर के सामने गंदा पानी भरता है। मच्छर और बीमारी का खतरा बढ़ गया है। पार्क, बच्चों के खेलने और बुजुर्गों के लिए एक भी सुरक्षित जगह नहीं। नियमों में अनिवार्य खुला स्थान भी नदारद। नगरवासियों का सबसे बड़ा सवाल – नियमों की धज्जियां उड़ाकर कॉलोनियां काटने वाले कालोनाइजरों पर कार्रवाई कब होगी? आरोप है कि जिम्मेदार विभाग और प्रशासन आंखें बंद किए बैठा है। क्या कालोनाइजरों के लिए कोई अलग कानून है? ये सवाल अब हर गली में गूंज रहा है। जनता की मांग – सर्वे हो, कार्रवाई हो, सुविधा मिले आक्रोशित नागरिकों ने जिला प्रशासन, नगर परिषद और संबंधित विभागों से मांग की है।

## एक नजर में

### अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक आयोजित

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री पंकज टेकाम के प्रथम नगर आगमन को लेकर रूपरेखा तैयार कर उनका कार्य विभाजन किया गया एवं डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म का प्रशिक्षण उपस्थित कार्यकर्ताओं को दिया गया बैठक में जिला अध्यक्ष भाजपा रामस्नेही पाठक मोर्चा जिला प्रभारी गुरुप्रसाद धुर्वे जिला मंत्री सुश्री दुर्गेश नंदनी उइके अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष रामकुमार ठाकुर सहित मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को मिलेगा राज्य स्तर तक पहुंचने का अवसर

**नवभारत,नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद तथा स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से मध्यप्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कलाओं, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरुषों एवं पर्यटन संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराने और पर्यटन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2026 का आयोजन जिला स्तर पर शुक्रवार 7 अगस्त 2026 को किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी (छात्र-छात्राएं) भाग ले सकेंगे। जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय, चाहे वे राज्य बोर्ड, केन्द्रीय बोर्ड अथवा अन्य किसी शिक्षा बोर्ड से संबंधित हों, अपने विद्यालय के विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में शामिल कर सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रत्येक विद्यालय द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की 3 सदस्यीय टीम का गठन किया।

### सैनिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश

**नवभारत,नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष रजनी सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा की उपस्थिति में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड नरसिंहपुर की वार्षिक बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक के दौरान वर्ष 2025 में सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राशि संग्रहण में उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्यपाल द्वारा प्रदत्त स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र कलेक्टर रजनी सिंह को भेंट किया गया। इस उपलब्धि पर उपस्थित सभी अधिकारियों ने कलेक्टर को बधाई दी। बैठक में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल भार्गव (सेवानिवृत्त) ने विगत वर्षों में झंडा दिवस के अंतर्गत किए गए संग्रहण की जानकारी साझा की तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु जिला प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

### जिले में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तृतीय चरण का शुभारंभ

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने एवं पशुपालकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य स दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तृतीय चरण का शुभारंभ सोमवार को किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति नीलेश काकोड़िया ने हरी झंडी दिखाकर अभियान दल को रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष काकोड़िया ने कहा कि अभियान के तहत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, गौसेवक एवं मैत्री गांव-गांव जाकर पशुपालकों से सीधा संपर्क स्थापित करें।

# शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने किया पौधरोपण

**नवभारत,तेंदूखेडा।** सोमवार को शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने अपने तेंदूखेड़ा प्रवास के दौरान शोकाकुल परिवारों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।इसी क्रम में नगर के प्रतिष्ठित चौबे परिवार में सद्गुरु वेद विद्यापीठ पहुंचे जहां उन्होंने स्वर्गीय श्रीमती विद्या बाई चौबे के निधन पर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें शोक संवेदनाएं व्यक्त की। दिवंगत आत्मा की पावन स्मृति में शिक्षा ने सद्गुरु वेद विद्यापीठ परिसर में वृक्षारोपण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान नगर परिषद के अध्यक्ष विष्णु शर्मा नगर पुरोहित पं. सत्यनारायण चौबे रविकांत चौबे



शोकाकुल परिवारों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की

शशिकांत चौबे सद्गुरु वेद विद्यापीठ के संचालक आचार्य पं. चंद्रकांत चौबे सूर्यकांत चौबे मनीष चौबे प्रिंस चौबे संतोष चौबे तथा करुणा चौबे सहित चौबे परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# अनाज की चोरी करने वाले गिरोह पुलिस गिरफ्त में

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** जिले में संगठित अपराधों और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत तेंदूखेड़ा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अनाज चोरी करने वाले एक सक्रिय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पाँच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा चोरी कर अनाज बेचने की फिराक में हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपियों को मौके पर धर दबोचा। पूछताछ के दौरान



आरोपियों ने चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार भी किया है। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपियों ने दो प्रमुख घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है जिसमें 19 मार्च 2026 को वेयर हाउस से 88000 रुपये मूल्य की मूंग और चना चोरी की 11 जुलाई 2026 को ग्राम रम्मपुरा में एक किसान के घर से 95000 रुपये कीमत की 14 बोरी मूंग और 7 बोरी चना चोरी किया पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चौदह कट्टी मूंग सात कट्टी चना दस हजार रुपये नगद और घटना में इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। गिरफ्तार आरोपियों में सुमित यादव 18 वर्ष अमित कुर्मी 23 वर्ष राजा ठाकुर 19 वर्ष संतोष कुशवाहा 26 और एक 17 वर्षीय नाबालिग किशोर भी शामिल हैं।

# हरि विष्णु कामध जयंती मनाई

**नवभारत,करेली।** स्वर्गीय श्री हरि विष्णु कामध जयंती पर स्टेडियम करेली में मूर्ति पर मालयार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी एवं नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला ममार ने श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर श्री सोनी ने कहा कि कामथ 1977 में होशंगाबाद क्षेत्र से सांसद रहे संविधान निर्माण समिति के सदस्य भी रहे।

सुभाष चंद्र बोस से मुलाकात कर देश की स्वतंत्रता संग्राम में अपना विशेष योगदान दिया वे बड़े विचारक थे क्षेत्र के विकास के लिए बरमान सतधारा पुल का निर्माण करा कर करेली से सागर आने जाने वालों को बड़ी सुविधा दिलाई रेल सुविधाओं में उन्होंने इटारसी जबलपुर शटल की



देश के स्वतंत्रता संग्राम में विशेष योगदान दिया

शुरुआत कर आम आदमी की मूलभूत सुविधाओं को समझ कर होशंगाबाद क्षेत्र के विकास के लिए अपना योगदान दिया श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नगर पालिका के पार्षद गण भाजपा के कार्यकर्ता लोकतंत्र सेनानी गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# परम्परागत फूलों की खेती से संवारा जीवन

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** खेती में लाभ कमाने के लिए बड़ी जमीन और भारी निवेश की जरूरत होती है। लेकिन हमारे क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों ने इस मिथक को तोड़कर एक नई राह दिखाई है। खेरुआ मदनपुर के टीकाराम कुशवाहा और घुअरपुर के हनुमत सिंह कुशवाहा ने नवाचार करते हुए फूलों की बागवानी को अपनाकर न केवल आत्मनिर्भरता हासिल की है। बल्कि क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए एक बड़ी मिसाल पेश की है।

खेरुआ मदनपुर निवासी टीकाराम कुशवाहा बताते हैं कि मात्र आधा एकड़ भूमि पर फूलों की बागवानी शुरू की। पहले वे भी अन्य किसानों की तरह पारंपरिक फसलों पर निर्भर थे। जिसमें लागत अधिक और मुनाफा



अनिश्चित होती थी । फूलों की खेती ने उन्हें आर्थिक सुरक्षा दी है। आज उनके खेत के ताजे फूल रोजाना तेंदूखेड़ा नगर के बाजारों में पहुँचते हैं। जहाँ उनकी गुणवत्ता की जबरदस्त मांग है। वे कहते हैं यदि किसान धैर्य और सही तकनीक अपनाए तो कम जमीन पर भी शानदार मुनाफा कमाया जा सकता है। इस नवाचारी मुहिम को आगे बढ़ाने में घुअरपुर निवासी हनुमत सिंह कुशवाहा का योगदान भी सराहनीय है। हनुमत सिंह के पास कुल एक हेक्टेयर जमीन है जिसमें से वे एक एकड़ में फूलों की व्यवस्थित खेती कर रहे हैं। हनुमत सिंह की मेहनत का दायरा केवल स्थानीय बाजारों तक सीमित नहीं है। वे बताते हैं कि उनके खेतों में तैयार फूल और आकर्षक फूल मालाएं तेंदूखेड़ा के अलावा रायसेन के बड़े शहरों और प्रसिद्ध सिद्ध धाम छींद मंदिर तक भेजी जाती हैं। अपने 8 सदस्यों के परिवार का भरण-पोषण करते हुए हनुमत सिंह सालाना 4 से 5 लाख रुपये तक की कमाई कर रहे हैं।इन किसानों की सफलता यह प्रमाणित करती है कि सीमित संसाधनों में भी यदि सही दिशा में नवाचारी कदम उठाए जाएं तो खेती एक बेहद मुनाफे का सौदा बन सकती है।

# तालाब श्रमदान समिति ने मनाया वृक्षों का जन्मोत्सव

कार्यक्रम के दौरान मंत्रोच्चारण, रोली-तिलक एवं पूजन कर वृक्षों के प्रति सम्मान व्यक्त किया

**नवभारत,गाडरवारा।** तालाब श्रमदान समिति, गाडरवारा द्वारा तालाब परिसर के चारों ओर लगाए गए वृक्षों के छह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वृक्ष जन्मोत्सव उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान मंत्रोच्चारण, रोली-तिलक एवं पूजन कर वृक्षों के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर



उपस्थित नागरिकों ने वृक्षों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की धरोहर नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार हैं। यह आयोजन प्रकृति के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी, जनसहभागिता और हरित भविष्य के निर्माण की प्रेरणा देने वाला रहा। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष लवलेश पालीवाल, डॉ. जितेंद्र महाजन, खेतनारायण सिंह, कपिल राय, सुरेश सराठे, डॉ. साकेत महाजन, गजराज अत्रुज, मनोज अवस्थी, प्रमोद चौकसे, तुलसीकांत श्रीवास्तव, राजू चाचा, सुशील श्रीवास्तव, महेश दुबे, साकेत खान, संदीप सागर, अजय खड़ेतिया, संजय वंशकार, शिवम वंशकार, श्रेयश वैष्णव, रोहन राय, अजय पटेल सहित साईं समिति एवं तालाब श्रमदान समिति के सभी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन एक वृक्ष ङ्क अनेक पीढ़ियों का भविष्य के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के इस जनआंदोलन को निरंतर आगे बढ़ाने और अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संकल्प लिया।

# ट्रेन से कटकर ग्रामीण की दर्दनाक मौत, स्टेशन के पास हुआ हादसा, जीआरपी ने कायम किया मर्ग

**नवभारत,गोटेगांव।** नरसिंहपुर जिले के करकबेल रेलवे स्टेशन के पास एक दर्दनाक हादसा हो गया। ट्रेन की चपेट में आने से 57 वर्षीय ग्रामीण अजीम खान की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अजीम खान निवासी करकबेल बौछार अपने घर से किसी काम से रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे। इसी दौरान वह अचानक ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में उनका सिर धड़ से अलग हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मृतक की पहचान की। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पर श्रीधाम जीआरपी पुलिस देर शाम करकबेल स्टेशन के पास खंभा नंबर 937/17 और 919/19 के बीच पहुंची। परिजनों की मौजूदगी में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए गोटेगांव अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। जहां अगले दिन सुबह डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जीआरपी पुलिस ने बताया कि अज्ञात शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर मृतक की शिनाख्त स्थानीय निवासी अजीम खान के रूप में हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद गांव में शोक की लहर है।

# श्री सत्य साईं सेवा समिति ने सैनिक स्कूल में किया पौधरोपण

हम केवल एक पौधा नहीं लगा रहे हैं, बल्कि आने वाली पीढीयों के लिए जीवन, स्वच्छ हवा, छाया और आशा का बीज बो रहे हैं

**नवभारत,गोटेगांव।** सेवा, संस्कार और पर्यावरण को एक साथ जोड़कर श्री सत्य साईं सेवा समिति ने एक बार फिर मिसाल पेश की। समिति द्वारा मणिनागेंद्र सिंह सैनिक स्कूल में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव सरदार सिंह पटेल एवं श्री साईं सेवा समिति के सभी सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधे लगाकर प्रकृति



संरक्षण का संकल्प लिया। वृक्षारोपण के दौरान समिति के सदस्यों ने कहा, आज हम केवल एक पौधा नहीं लगा रहे हैं, बल्कि आने वाली पीढीयों के लिए जीवन, स्वच्छ हवा, छाया और आशा का बीज बो रहे हैं। पेड़ हमें बिना किसी स्वार्थ के ऑक्सीजन, फल, छाया और पर्यावरण का संतुलन देते हैं। इसलिए हमारा कर्तव्य सिर्फ पौधा लगाना नहीं, बल्कि उसकी देखभाल करना और सुरक्षित भविष्य का संकल्प लेना है। प्रकृति हमें हवा, पानी और जीवन जैसे अनमोल उपहार नि:स्वार्थ देती है। यदि आज हमने पर्यावरण की रक्षा नहीं की, तो यही संसाधन कल दुर्लभ हो जाएंगे। अमरनाथ में हिमशिवलिंग का जल्दी पिघलना भी हमें जलवायु परिवर्तन के प्रति सचेत करता है।

# मेहरा समाज की क्षेत्रीय समिति तेंदूखेड़ा का गठन


**नवभारत,गाडरवारा।** मेहर (गढवाल) समाज कल्याण परिषद मुख्यालय नर्मदापुरम के तत्वाधान में जगह-जगह सामाजिक समितियां का गठन किया जा रहा है इसी क्रम में विगत दिवस क्षेत्रीय समिति तेंदूखेड़ा का गठन किया गया जिसके लिए ग्राम इमझिरा में सभी सामाजिक बन्धुओं की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया जिसका संचालन शिवकुमार गढ़वाल द्वारा किया गया बैठक के दौरान पर्यवेक्षक संतोष ग्वारिया एवं प्रांतीय सलाहकार रेवा सिंह मेहरा की उपस्थिति में तहसील स्तरीय क्षैत्रीय समिति तेदूखेडाँ का गठन हुआ जिसमें सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गय जिनमें संरक्षक कंछेदी लाल मेहरा, सलाहकार तेजराम मेहरा, अध्यक्ष रोहित मेहरा, उपाध्यक्ष अनूप मेहरा, कोषाध्यक्ष खेतसिंह मेहरा, सचिव दशरथ मेहरा, संयुक्त सचिव अनंदी मेहरा चुने गये द्य इन पदाधिकारियों की विधिवत घोषणा पर्यवेक्षक के द्वारा की गयीं तथा उन्हें शपथ भी दिलाई गई द्य बैठक के दौरान साईखेडाँ टीम उपाध्यक्ष गनेश प्रसाद मेहरा, राजेन्द्र मेहरा उपस्थित रहे द्य कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार मेहरा के द्वारा किया गया आभार प्रदर्शन नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोहित मेहरा के द्वारा किया गया।

## प्रदर्शन

### किसान हितों की मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

# दंडवत होकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिले के गोटेगांव में सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरोध में अनोखा प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने दंडवत करते हुए एसडीएम कार्यालय तक पहुंचकर एसडीएम संघमित्रा गौतम को ज्ञापन सौंपा और किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार की नीतियों के कारण किसान आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। ज्ञापन में किसानों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता



से रखा गया। कांग्रेस द्वारा ज्ञापन में मांग की गई कि समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की सीमा 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत की जाए। ई-टोकन प्रणाली तत्काल समाप्त कर किसानों को सहकारी एवं निजी दुकानों से नकद भुगतान के आधार पर खाद उपलब्ध कराई जाए तथा खाद की बढ़ी हुई कीमतों को कम किया जाए। किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार ही खाद दी जाए और अन्य उर्वरकों को अनिवार्य रूप से न जोड़ा जाए। इसके अलावा न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) को कानूनी दर्जा देने, गोटेगांव मंडी में किसानों द्वारा बेचे गए हरे मटर की लगभग 2.50 करोड़ रुपये की बकाया राशि का भुगतान कराने तथा दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की गई।

### डील निरस्त करने की मांग

ज्ञापन में बचई शुगर मिल एवं आर.आर. एग्रो बड़गवां शुगर मिल पर किसानों का बकाया गन्ना भुगतान ब्याज सहित जल्द कराने, मुख्यमंत्री ट्रांसफार्मर योजना को पुन: शुरू करने और सिंचाई के लिए किसानों को 10 घंटे के बजाय 12 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की भी मांग रखी गई। कांग्रेस नेताओं ने किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ करने तथा भारत-अमेरिका ट्रेड डील को निरस्त करने की मांग भी उठाई।

# वीरांगना स्पोर्ट्स एकेडमी में कराते बेल्ट परीक्षा सम्पन्न

अतिथियों द्वारा कराते बेल्ट परीक्षा के प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई

**नवभारत,गाडरवारा।** वीरांगना स्पोर्ट्स एकेडमी, गाडरवारा द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा के उद्देश्य से संचालित नि:शुल्क कराते प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को कराते बेल्ट परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। परीक्षा में 33 बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने कराते कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बेल्ट परीक्षा में 8 बालिकाओं ने येलो बेल्ट, 13 बालिकाओं ने ऑरेंज बेल्ट तथा 12 बालिकाओं ने ग्रीन बेल्ट के



लिए परीक्षा दी। प्रतिभागियों का मूल्यांकन कराते की विभिन्न तकनीकों, संतुलन, शारीरिक दक्षता, अनुशासन एवं आत्मरक्षा कौशल के आधार पर किया गया। परीक्षा का मूल्यांकन कराते विशेषज्ञ राजेश ठाकुर (गुरुजी), अमर मेहरा, अवरेश कुरैशी तथा खेल शिक्षक रोविन सिंह ठाकुर की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समाज सेवा समिति के सदस्यों का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### आत्मविश्वास के साथ सामना करे

परीक्षा उपरांत सफल प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा कराते बेल्ट परीक्षा के प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गई। इस अवसर पर प्रशिक्षकों ने कहा कि कराते केवल आत्मरक्षा की कला नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, साहस और मानसिक दृढ़ता का सशक्त माध्यम है। नियमित अभ्यास से बालिकाएँ न केवल स्वयं की सुरक्षा करने में सक्षम बनती हैं, बल्कि जीवन की हर चुनौती का आत्मविश्वास के साथ सामना करने की क्षमता भी विकसित करती हैं।